**Fourteenth Loksabha**

**Session : 5**
**Date : 24-08-2005**

**Participants : Dubey Shri Chandra Shekhar**

>

Title : Need to provide benefits of $7^{th}$ pay agreement to all the workers of the private coal mining companies.

**श्री चन्द्र शेखर दूबे (धनबाद)** : सभापति महोदय, कोल माइन्स के नेशनलाइजेशन के समय कोल इंडिया के अलावा कुछ माइन्स प्राइवेट मालिकों को कैपटिव माइन्स चलाने के रूप में दी गई थीं जैसे टिस्को, इस्को, आईसीएमएल, वीईसीएमएल एवं जिंदल स्टील एंड पावल लिमिटेड को दी गई थी। वे सभी को

कोयला राट्रीयकरण के परिधि से बाहर रखा गया, परंतु उक्त कंपनी में कार्यरत् सभी मजदूरों को सभी

---

* Speech was laid on the Table.

सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु निजी कंपनी मालिकों को दिया गया जो सुविधा कोल इंडिया के द्वारा कार्य कर रहे मजदूरों को दी जाती थीं। परंतु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि राट्रीय कोयला वेतन समझौता नः 7 अर्थात् सातवें वेतन समझौता का लाभ उन निजी कंपनी मालिकों के द्वारा मजदूरों को नहीं दिया जा रहा है।

अतः मैं उक्त निजी मालिकों के द्वारा जो कोयला उत्खनन का कार्य करते हैं उन सभी मजदूरों को राट्रीय कोयला के सातवें वेतन समझौता का लाभ दिलाने हेतु सरकार का ध्यान आकर्ाित करता हूं।